ई-मेल / स्पीड पोस्ट

पत्रांक :—3प / मु०म०नि०यो०—19—34 / 2020 / 5445 / पं०रा०

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

डॉ० रणजीत कुमार सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 16 / 9 / 2021

विषय :— पंचायती राज विभाग अंतर्गत कार्यरत् तकनीकी सहायकों का कार्य आधारित ग्रेडिंग एवं तत्संबंधी समीक्षा के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आप अवगत हैं कि विभागीय योजनाओं के गुणवत्तायुक्त ससमय क्रियान्वयन हेतु संविदा आधारित पदों पर तकनीकी सहायकों का नियोजन एवं कार्यभार सौंपे गये हैं।

उपरोक्त अनुक्रम में उल्लेखनीय है कि विभागीय कार्यों के ससमय गुणवत्तायुक्त क्रियान्वयन एवं उनके तकनीकी अनुश्रवण में तकनीकी सहायकों का कार्यदायित्व एवं उनकी भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। उपरोक्त के आलोक में यह आवश्यक है कि विभाग द्वारा सौंपे गये कार्य दायित्व के आधार पर प्रत्येक माह उनकी ग्रेडिंग की जाये एवं तद्लोक में विभागीय स्तर पर समीक्षा की जाये।

सुविचारित तथ्यों के आलोक में तकनीकी सहायकों की कार्य आधारित ग्रेडिंग की व्यवस्था निम्नरूपेण प्रभावी किया जाना प्रस्तावित है :—

| क्र० | कार्य दायित्व का नाम | सम्बद्ध कार्य का विवरण | अनुमान्य ग्रेडिंग का प्रतिशत | तकनीकी सहायकवार कार्य दायित्व अनुरूप प्राप्त ग्रेडिंग का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | (क) मु०मं० ग्रा० पेयजल निश्चय योजना | (i) वार्ड में योजना की पूर्णता<br>(ii) वार्ड में क्रियाशील योजनाओं का प्रतिशत<br>(iii) IOT Device के क्रियाशील होने का प्रतिशत<br>(iv) लोक शिकायत के आवेदनों को निष्पादन का प्रतिशत | कुल 50 प्रतिशत | |
| 2 | (ख) पंचायत सरकार भवन | भवन निर्माण की उपलब्धि का प्रतिशत | कुल 25 प्रतिशत | |
| 3 | (ग) नल—जल योजना में उपभोक्ता शुल्क की वसूली | वार्डवार उपलब्धि का प्रतिशत | कुल 25 प्रतिशत | |

उपर्युक्त के आलोक में प्रत्येक माह तकनीकी सहायकों के विभागीय कार्य दायित्व की ग्रेडिंग आधारित समीक्षा की जायेगी। तकनीकी सहायकवार समेकित ग्रेडिंग प्रतिवेदन के आलोक में उनके कार्यों का ब्यौरा ग्राम पंचायत के कार्यपालक सहायकों के द्वारा विभागीय नीर निश्चय पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। जो तकनीकी सहायकों के अवलोकनार्थ उपलब्ध होगी। यदि किसी बिन्दु

कृ०पृ०उ०

पर किसी तकनीकी सहायक को कोई आपत्ति होती है तो उक्त संबंध में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा जांच की जायेगी एवं जांचोंपरान्त परिणाम आधारित उन्हें विभागीय पोर्टल पर सुधार (Edit) की सुविधा उपलब्ध होगी। वैसे तकनीकी सहायक जिनकी ग्रेडिंग अपेक्षानुरूप नहीं होगी, उन्हें सौंपे गये कार्य दायित्व में अपेक्षित सुधार लाये जाने हेतु एक अवसर दिया जायेगा, तत्पश्चात् विभागीय समीक्षा उपरान्त उनके विरूद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई की जायेगी।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में उपरोक्त व्यवस्था के तहत अपेक्षित कार्रवाई की जाये।

**विश्वासभाजन**

15/9/21

(डॉ० रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांक :–3प / मु०म०नि०यो०–19–34 / 2020 / 5445 / पं०रा० पटना, दिनांक 16 / 9 / 2021

प्रतिलिपि :– सभी उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद / सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/9/21

(डॉ० रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक